06 जहर के बजाय जैविक का उपयोग करने किसान आएं...



07 मुक्त कंठ से किए हनुमान चालीसा पाठ, भक्तिमय...



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना, द्वारका होंगे रवाना

**सागर।** जिले के तीर्थ यात्रियों के लिए माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा प्रस्तावित की गई थी। माँ वैष्णोदेवी तीर्थ क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण जगह-जगह रेलवे ट्रेक क्षतिग्रस्त होने से माँ वैष्णोदेवी की यात्रा का संचालन सुरक्षित एवं व्यवहारिक नहीं होने से माँ वैष्णोंदवी के स्थान पर श्री द्वारकाजी तीर्थ की यात्रा प्रस्तावित की गई है। शासन द्वारा सागर जिले हेतु 300 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है। निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने से तीर्थयात्रियों का चयन लाटरी प्रक्रिया द्वारा दिनांक 29 सितम्बर को बोपहर 10:30 बजे एन.आई.सी. (राष्ट्रीय विज्ञान सूचना केन्द्र) सागर में किया जाएगा जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल होंगे

### सेवा पखवाड़ा स्वच्छता उत्सव

**सागर।** लोकस्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 18 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रातः 10 बजे, शासन से प्राप्त निर्देशानुसार समुदायिक भागीदारी एवं श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के 12वें दिन चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर रेज़िडेंशियल क्षेत्र की सफाई की गई। इस अवसर परचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर, अधिक्षक डॉ. राजेश जैन, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. रुपाली जैन, डॉ. अमरनाथ गुप्ता, डॉ. मनीष जैन, डॉ. शैलेन्द्र पटेल तथा समस्त मेडिकल शिक्षकगण, अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. एस.पी. सिंह, आउटसोर्स एजेंसी के कर्मचारी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ ने सक्रिय रूप से भागीदारी करते हुए सफाई कार्य में योगदान दिया तथा स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया।

### कोष एवं लेखा कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**सागर।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, सागर एवं कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षणं शाला, सागर के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के लिए आयोजित ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आंज दिनांक 25.09.2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अधिकारी/ कर्मचारियों को ई-ऑफिस सॉफ़्टवेयर की उपयोगिता, दस्तावेज निर्माण, डिजिटल फ़ाइल प्रबंधन और कार्यप्रवाह की प्रक्रियाएँ विस्तार से सिखाई गई। प्रशिक्षण के दौरान भाग लेने वाले सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने इस आधुनिक डिजिटल प्रणाली के महत्व और इसे अपनी दैनिक कार्य प्रणाली में लाने के बारे में सामरिक ज्ञान प्राप्त किया। इससे कार्यालयीन कार्यों की गति, पारदर्शिता और जवाबदेही में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। आने वाले समय में विभाग में ई-ऑफिस का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित कर कार्यालयों को कागज रहित व कार्य कुशल बनाया जाएगा।

### स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सार्वजनिक स्थल सफाई अभियान

**सागर।** स्वच्छता ही सेवा 2025 के अंतर्गत नगर परिषद मालथौन के वार्ड 1 में स्थित , मंदिर को नगर परिषद मालथौन के मुख्य अधिकारी, स्वच्छता प्रभारी एवं आईईसी टीम के दिशानिर्देश में सफाईमित्रों की सहायता से साफ-सफाई का कार्य कराया गया। इस स्थान पर आनें वाले नवरात्रि के समय माँ दुर्गा की की मूर्ति की स्थापना होगी, अतः इस स्थल को अच्छे से साफ कराया गया, ट्विन बिन को ठीक कराया गया, ताकि यह स्थल क्लीन– ग्रीन उत्सव के लिए तैयार हो सके। ट्विन-बिन को व्यवस्थित कराया गया तथा दीवारों पर लगे अनाधिकृत पोस्टरों को हटाया गया।

## एमएसपी से अंतर की राशि का भुगतान करेगी राज्य सरकार

# सोयाबीन विक्रय का पूरा लाभ लेंगे अन्नदाता, किसानों को लाभान्वित करेगी भावांतर योजना: कलेक्टर संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की जा रही भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए गए हैं। इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले। योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। अन्नदाताओं की चिंता कर सोयाबीन को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मध्य प्रदेश शासन किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए लागू की जा रही भावांतर योजना की समीक्षा की।कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी नहीं होना चाहिए। हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए। सभी के प्रयासों से भावांतर योजना पूर्णता सफल होगी।

### 10 अक्टूबर से शुरू होंगे पंजीयन

भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 अक्टूबर तक चलेगा। भावांतर की अवधि 01 नवम्बर से 31 जनवरी तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के माध्यम से होगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### भावांतर योजना, एक नजर में

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। भारत सरकार ने घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जायेगा। किसान द्वारा ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए किसान का उत्पादन मॉडल भाव 4600 रूपए पर हुआ है तो समर्थन मूल्य 5328 में से शेष अर्थात भावांतर राशि 628 रूपए प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। किसान को समर्थन मूल्य बराबर ही राशि प्राप्त होगी। यदि किसान की उपज का विक्रय मूल्य एमएसपी से कम है परंतु राज्य के औसत मॉडल प्राइज के समतुल्य है, ऐसी स्थिति में भी किसान को एमएसपी और बिक्री मूल्य के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। तीसरी स्थिति में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य के औसम मॉडल प्राइस से कम होने की दिशा में किसान को एमएसपी और घोषित औसत मॉडल प्राइस के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक स्थिति में किसान भाई का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि भावांतर योजना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जाएं। संबंधित अधिकारी किसानों का हित निश्चित करें। भावांतर योजना के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दें।

जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। किसानों को सही दाम मिले, इसकी मॉनिटरिंग हो। भावांतर योजना किसानों के हित में है, इसका प्रचार-प्रसार किया जाये। पात्र किसान समय पर पंजीयन करवा लें जिससे पात्र किसान लाभ से वंचित न रहें।



### शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन तीनबत्ती दुर्गा पंडाल में हुआ संपन्न

**सागर।** शहर सेवादल परिवार पिछले कई वर्षों से शहर के अलग अलग स्थानों पर माह के अंतिम रविवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम करता आ रहा है। सितंबर माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार ने गौर मूर्ति के नजदीक, तीनबत्ती पर एकता काली कमेटी के दुर्गा पंडाल की छत्रछाया में संपन्न हुआ। संयोगवश मातृशक्ति का पर्व नवरात्रि, बेटी दिवस और अन्तिम रविवार एक साथ होने पर मुख्य अतिथि शिवांगी चौबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि शिवांगी द्वारा सर्वप्रथम सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेरे लिये बहुत ही गौरवान्वित करने वाला पल है कि नवरात्रि के इतने पावन और पवित्र पर्व पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सम्मान मुझे मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव किरणलता सोनी ने भाई बहन के पवित्र प्रेम पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिये शर्मनाक बयान की अपने उद्बोधन में निंदा की। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने बताया कि बेटी दिवस पर यह कार्यक्रम संयोग से आयोजित होना बड़े सौभाग्य कि बात है। लगभग 6वर्षों में इस शहर में मासिक ध्वजारोहण का यह 74 वां आयोजन है। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सांसद नंदलाल चौधरी, गांधीवादी नेता और वरिष्ठ कांग्रेसी सुखदेव तिवारी की धर्मपत्नी विधावती तिवारी, शिक्षाविद् जेपी पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज हुसेन के स्वर्गवास पर दुःख व्यक्त करते हुए इन सबकी आत्मा शांति हेतु मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पप्पू गुप्ता, जितेन्द्र रोहण, हरिश्चंद्र सोनवार, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, शरद पुरोहित, दीनदयाल तिवारी, लीलाधर सूर्यवंशी, भैयन पटेल, नितिन पचौरी, हेमराज रजक, कल्लू पटेल, प्रवीण यादव, राहुल खटीक, पकंज सोनी, लल्ला यादव, रवि जैन, पप्पू सैनी, जुगल यादव, बांबू मछंदर, हरिनारायण कोरी, देवेन्द्र वाल्मीकि, कपिल चंदेलिया, छोटू वाल्मिकि, हरिओम चौबे, पियूष सेन, सुहानी फहीम अंसारी पप्पू सेन चौरसिया, मीना ठाकुर के साथ एकता काली कमेटी दुर्गा मां के पुजारी पं.पवन चौबे, पं.अनुज कृष्ण शास्त्री आदि जन उपस्थित रहे।



### विधायक, महापौर ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के हितग्राहियों को बांटे 1 करोड़ 40 लाख रुपए के चेक

**सागर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, निगमायुक्त ने नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 1 करोड 40 लाख रूपये की राशि के चेक वितरित किये। इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना म.प्र.सरकार की सबसे लोकप्रिय योजना है जिसने बेटियों को स्वावलम्बी बनाने की दिषा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों के धूमधाम से विवाह किये जा रहे है। साथ ही उनको 50 हजार रूपये की राशि देकर उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है। यह चैक इस बात की गारंटी है कि बेटिया परिवार पर अब बोझ नहीं है, सरकार द्वारा लाडली बहना योजना के तहत प्रतिमाह रू. 1250 की राशि प्रदान की जा रही है, इस बार यह राशि 1500 हो जायेगी। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के कारण गरीब परिवार की बेटियों के विवाह भी सरकार धूमधाम से करवा रही है साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये 50 हजार रूपये की राशि प्रदान कर रही है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक वर्ष पूरे प्रदेश में कन्याओं के विवाह सम्पन्न हो रहे है यह केवल भाजपा की सरकार में भी संभव हो पा रहा है। लाडली बहना योजना के तहत प्रतिमाह 1250 रूपये की राशि सरकार द्वारा दी जा रही है उन्होने मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुये सभी हितग्राहियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिये बधाई दी।

## राष्ट्र और धर्म की रक्षा करना युवाओं का कर्तव्य है: युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





भगवान श्रीकृष्ण ने युवाओं को संदेश दिया कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा करना ही हमारा कर्तव्य है। यह उद्गार भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने कर्रापुर स्थित श्री सिद्ध क्षेत्र पेलेपार देवीघाट मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर व्यक्त किये। श्रीमद् भागवत गीता और कथा में व्यासपीठ पर विराजमान संत विपिन बिहारी जी को प्रणाम करते हुए अविराज सिंह ने भगवान श्री कृष्ण, सुदामा, अर्जुन, कर्ण एवं पूतना के वृतांत सुनाये। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है, कि जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, हमें हमेशा मुस्कराते रहना चाहिये।

भगवान श्रीकृष्ण जब कालिया नाग से युद्ध कर रहे थे, तब युद्ध करते-करते कालिया नाग के सिर पर चढ़ गये और नृत्य करने लगे।अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण एक आदर्श गुरू हैं। वेद-पुराण में वर्णित है, कि एक आदर्श गुरू वही होता है जो अपने शिष्य की अच्छाई के साथ कमियां भी बताता है और उसका अहंकार भी दूर करता है। महाभारत में अर्जुन और कर्ण के बीच युद्ध चल रहा था, तब भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था, ''हे! कौंतेय जिस रथ पर तुम विराजमान हो, उस रथ के ऊपर पवनसुत हनुमान तुम्हारी रक्षा कर रहे हैं। तीनों लोकों का स्वामी तुम्हारा सारथी है। उसके बाद भी कर्ण के तीर ने हमारे रथ को दो कदम पीछे कर दिया, तो तुम समझ जाओ किसकी प्रशंसा होना चाहिए।श्रीकृष्ण ने अपने शिष्य का अहंकार तोड़ दिया। अविराज सिंह ने बताया कि-''अहंकार से मिट गये कुल, गौरव और वंश, न मानो तो देख लो रावण, कौरव, कंस।'' इसलिए अहंकार कभी नहीं होना चाहिये। भगवान श्रीकृष्ण ने हम सभी युवाओं को हमारा कर्तव्य और धर्म बताया है। हम सभी युवाओं का धर्म है, कि हम सबकी रक्षा करें, सभी का सम्मान करें। भगवान श्रीकृष्ण ने युवा के रूप में ब्रजवासियों की रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठा लिया था। उन्होने एक युवा के रूप में अधर्म का अंत किया था। हम सभी युवाओं का धर्म और कर्तव्य है, कि हम सभी राष्ट्र की रक्षा करें, जहां जन्म हुआ है।

### प्रो दिवाकर सिंह प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विवि प्रयागराज में विषय विशेषज्ञ मनोनीत



**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश में मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज उत्तरप्रदेश में विषय विशेषज्ञ मनोनीत किया गया है। प्रो राजपूत को समाजशास्त्र विषय की बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य के रूप में आगामी दो शैक्षणिक सत्र के लिए विषय विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर राजपूत वर्तमान में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न समितियों के सदस्य हैं। प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत इस तरह की उपलब्धियों को कुछ नया सीखने और कुछ अच्छा करने के लिए एक सार्थक आधार मानते हैं। प्रोफेसर राजपूत के अनुसार प्रत्येक दायित्व एक नया अवसर लेकर आता है कि हम अपने जीवन की उन राहों पर कुछ नया अध्याय जोड़ सकें जो सार्थक भी हो और प्रेरक भी. देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़ना एक सौभाग्य की बात है।

## राहतगढ़ बीईओ की मनमानी के चलते सैकड़ों शिक्षक रिटर्न भरने से वंचित : मप्र शिक्षक संघ

**सागर।** जिला अंतर्गत राहतगढ़ विकासखंड के सैकड़ों शिक्षकों की आयकर कटौती की राशि पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होने विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं उनके द्वारा अधिकृत अधिवक्ता की मनमानी के कारण शिक्षकों के वेतन से पहले से की गई कटौती की राशि ना प्रदर्शित होने से परेशान शिक्षकों की समस्या को लेकर एक ज्ञापन मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सागर द्वारा आयकर विभाग सागर के सहायक आयुक्त एवं सागर जिला शिक्षा अधिकारी सागर को सौपा गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा कटोती की राशि प्रदर्शित नहीं होने पर कार्रवाई करने एवं शिक्षकों को देय पेनल्टी की राशि, विकास खंड शिक्षा अधिकारी से व्यक्तिगत वसूल करने बाबत मांग की गई।सहायक आयुक्त आयकर ने संघ को आश्वस्त किया की शीघ्र ही संबंधितो पर उचित कार्यवाही की जावेगी। सहायक संचालक (जिला शिक्षा)एम के चढ़ार ने मप्र शिक्षक संघ को शीघ्र ही कार्यवाही प्रस्तावित करने का आश्वासन दिया। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला ईकाई सागर के अध्यक्ष सूर्य पाल सिंह राजपूत, जिला संगठन मंत्री चन्द्रभान सिंह राजपूत, जिला सचिव मनोज कुमार जैन ने ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही का अनुरोध किया है। राहतगढ़ ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षकों के फरवरी माह से विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आयकर की तीसरी किश्त की कटौती तो कर ली गई लेकिन यह राशि जमा नहीं किए जाने से शिक्षक डिफाल्टर हो गये हैं।

## अस्पताल से मां को छुट्टी देने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों में होने वाले जन्म का पंजीयन संस्था से प्रसूता के डिस्चार्ज के पूर्व अनिवार्यतः करते हुए जन्म प्रमाणपत्र की प्रति डिस्चार्ज स्लिप के साथ अथवा उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर वाट्सएप एव अन्य माध्यम से प्रदाय करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए, यह प्रमाण पत्र नव-जात शिशु की मां को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही दे दिया जाये, खासकर सरकारी अस्पतालों द्वारा जहां कुल संस्थागत जन्मों में से 50 प्रतिशत से अधिक जन्म होते है। साथ ही रजिस्ट्रार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे अस्पताल में जन्म होते ही उसका पंजीकरण करें और जन्म प्रमाण पत्र तुरंत जारी करें।



### डॉ सीरोठिया विप्र गौरव अलंकरण से सम्मानित

**सागर।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं ख्यातिलब्ध साहित्यकार डॉ श्याम मनोहर सीरोठिया को उनके द्वारा साहित्यिक एवं सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय उत्कृष्ठ कार्यों के लिए जबलपुर में स्व भवानी प्रसाद पाठक की 101 वीं जन्म जयंती एवं सनाढय संगम पत्रिका के 150 वें अंक के लोकार्पण समारोह में विप्र गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मध्यप्रदेश परशुराम बोर्ड के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विष्णु राजोरिया, पूर्व कुलपति शिव शंकर मिश्रा सनाढय संगम पत्रिका के संपादक राजेश पाठक प्रवीण, साहित्यभूषण महाकावि भगवत दुबे द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में जबलपुर की अनेक संस्थाओं के सदस्य गण एवं प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही। डॉ सीरोठिया को विप्र गौरव मिलने पर सनाढयसभा के अध्यक्ष राकेश दुबे, सचिव बद्री भारद्वाज, संतोष पचौरी, इंद्रजीत दुबे, जुगलकिशोर उपाध्याय बलराम शांडिल्य आदि ने बधाई दी है।

## किसानों ने राजस्व विभाग से जल्द सर्वे कर बीमा राशि दिलवाने की मांग की

# शुक्रवार से रुक-रुककर हो रही तेज बारिश, हवा से खेतों में पककर तैयार खड़ी सोयाबीन की फसल में जलभराव होने से हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर





मानसून की विदाई के साथ शुक्रवार से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश, हवा से खरीफ 2025 मे कटाई के लिए खेतों मे पककर तैयार खड़ी सोयाबीन की फसल मे जलभराव होने से अब तक बहुत ज्यादा नुकसान हो गया है । 27 सितंबर को रात में हुई तेज बारिश के करण एक बार फिर रहली, गढ़ाकोटा तहसील के ग्राम सहित सभी आसपास के गांवों मे सोयाबीन की पककर तैयार एवं खेतों मे कटी डली हुई फसल को बहुत ज्यादा नुकसान हो गया, मौसम विभाग के द्वारा आगामी तीन-चार दिन तेज बारिश होने की एडवाइजरी भी जारी की गई है जिससे सोयाबीन कि फसल को लेकर किसान बहुत ज्यादा चिंतित है और सरकार से फसलों में हुए नुकसान की कृषि विभाग, एआईसी बीमा कंपनी, राजस्व विभाग से जल्द से जल्द सर्वे कर राहत राशि, बीमा राशि दिलवाने की मांग कर रहे हैं। यहां बता दें कि सागर जिले के कलेक्टर द्वारा पूर्व में भी तेज बारिश से हुई सोयाबीन फसलों के नुकसान की सर्वे की करने की बात कही गई थी लेकिन जिले में बहुत कम तहसीलों के राजस्व ग्रामों में विभागों द्वारा फसल नुकसान का सर्वे हुआ है। अब किसानों को सरकार के द्वारा सर्वे कब होगा इसका इंतजार है क्योंकि सोयाबीन, उड़द सहित मक्का कि फसलों में भी अतिवृष्टि के चलते काफी नुकसान हुआ है।

पूर्व में कई ग्रामों के किसानों ने सोयाबीन उड़द और मक्का में हुए नुकसान को लेकर तहसील और कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को आवेदन एवं ज्ञापन भी दिए थे।

रहली अनुविभागी अधिकारी एसडीएम से इस संबंध में जब बात कि तो उनका कहना है कि जिन ग्रामो से सूचना प्राप्त हुई है उन ग्रामों में तहसीलदार को निर्देशित कर जांच कराई जा रही है साथ ही सभी हल्कों में फसल का कटाई प्रयोग किया जा रहा है

### डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत स्वरोजगार हेतु ऋण आवेदन आमंत्रित

**सागर।** म.प्र.शासन की अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु संचालित डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत जिले में बैंक के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण व शासन द्वारा ब्याज अनुदान सहायता का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनांतर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि रू. 10,000/- से 1,00,000/- रूपये तक की बैंक सहायता प्रदान की जायेगी।ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित जोन पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जाएगा साथ ही नियमानुसार सी.जी. टी.एम.एस.ई. (गारंटी शुल्क) शासन द्वारा दिया जावेगा। पात्र आवेदक अनूसूचित जाति वर्ग का हो, जिले का मूल निवासी हो एवं आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य हो, शैक्षणिक योग्यता आवश्यक नहीं। दस्तावेजों में स्थायी जाति, निवास, आय, आधार, फोटो, पेनकार्ड, समग्र आई. आवश्यक होंगे। आवेदन समस्त एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किये जा रहे हैं।

शराबी पति से तंग आकर मां ने तीन साल के मासूम संग मौत को लगाया गले

# शराब के दुष्परिणामों के सामने हारी एक मां की ममता, दर्दनाक अंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शराब की लत और शराब के दुष्परिणाम एक परिवार के हृदयविदारक व दर्दनाक अंत का कारण बन गया। जिसमें शराब के नशे से पति द्वारा मारपीट से आहत पत्नी ने अपने मासूम बच्चे के साथ मौत को गले लगा लिया। यह हृदयविदारक घटना जिले के बल्देवगढ़ क्षेत्र से सामने आई। जहाँ घरेलू विवाद और पति की शराबखोरी से तंग आकर 24 वर्षीय महिला ने पहले अपने तीन वर्षीय बेटे को तालाब में फेंक दिया और फिर तीन किलोमीटर दूर जाकर पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। इस घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया।

### पेड़ से लटकती लाश व तालाब में तैरते मासूम का शव देखकर स्तब्ध हुए ग्रामीण

पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 8 बजे गांववालों ने सड़क किनारे एक पेड़ पर महिला का शव लटका हुआ देखा तो तुरंत बल्देवगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। वहीं से करीब तीन किलोमीटर दूर तालाब में बच्चे का शव उतराता हुआ मिला। मृतका की पहचान संतोषी राजपूत, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम केलपुरा के रूप में हुई है। उसका तीन वर्षीय बेटा अभिजीत भी इस त्रासदी का शिकार हो गया। दोनों शवों को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बल्देवगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों और गांववालों के बयान के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।



### मारपीट की रात ही बेटी को घर छोड़कर बेटे को साथ लेकर गई महिला

जानकारी के मुताबिक, मृतिका संतोषी का पति नरेश राजपूत पहले कियोस्क सेंटर चलाता था, लेकिन फिर बाद में मजदूरी का कार्य करने लगा। नरेश शराब का आदी बताया गया है। साथ ही बताया गया कि नरेश प्रतिदिन अपनी पत्नी से झगड़ा व मारपीट करता था। बिगत शनिवार की रात को भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। उसी विवाद के बाद संतोषी ने अपने मासूम बेटे को साथ लिया और घर से बिना बताए निकल गई। और अपनी 5 वर्षीय बेटी दिव्यांश को घर पर ही छोड़ गई थी।

### भाई को फोन करके बताई थी अपनी आपबीती लेकिन सुबह मिली मौत की खबर



मृतिका संतोषी ने ग्राम कुड़याला निवासी अपने भाई राघवेंद्र राजपूत को बीती रात मारपीट और घर से चले जाने की बात बताई थी। राघवेन्द्र ने बताया कि उसकी बहन संतोषी की जिंदगी लगातार पति की शराबखोरी और हिंसा से पीड़ित थी। रात को फोन आया कि वह बच्चे के साथ घर से चली गई है। इसके बाद सुबह उसकी मौत की खबर मिली।

### नशे की लत से घरेलू हिंसा और तबाह होते परिवारों का दर्दनाक उदाहरण

उक्त दर्दनाक घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज के सामने यह बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि शराब की लत और घरेलू हिंसा किस तरह से परिवारों को तबाह और बर्बाद कर एक दर्दनाक अंत की ओर ले जा रही है। एक ओर मासूम बच्चा जीवन के शुरुआत में ही अपने पिता के झगड़ों और नशे की आदत का शिकार हो गया, वहीं दूसरी ओर एक मां के सामने जीने का रास्ता इस कदर बंद कर दिया गया कि उसके सामने एक माँ की ममता भी हार गई।

प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना की सड़कों की हालत खराब, मुख्य सड़क से जोड़ने का उद्देश्य विफल

# दम तोड़ रही ग्रामीण विकास की आधारशिला सड़कें, कागजी मेंटेनेंस खानापूर्ति

**पलेरा।** ग्रामो को मुख्य सड़क से जोड़ने के उद्देश्य के चलते ग्रामीण विकास की आधारशिला मानी जाने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के क्रियांवयन पर अब सवाल उठने लगे हैं। क्योंकि सड़क निर्माण के साथ ही सड़कों में गड्ढे होने के कारण उनकी गुणवत्ता पर नागरिकों के द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि इन सड़कों पर भार सहने की क्षमता महज आठ टन होती है, लेकिन इससे अधिक वजन के वाहन निकलने से भी यह सड़कें जवाब दे रही हैं। वहीं इसी बहाने को आधार बनाकर सड़क निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार भी कार्य में लापरवाही करते दिख रहे हैं।

पीएमजीएसवाई योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को मुख्य सड़क से जोडने का है। लेकिन यह उद्देश्य विभाग व ठेकेदार की लापरवाही व भ्रष्टाचार के चलते विफल होता दिखाई दे रहा है। क्योंकि पलेरा ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत अधिकांश पीएमजीएसवाई की सड़कों की दशा पांच साल के पहले ही खराब हो चुकी है। इससे ग्रामीणों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थित ग्राम सैपुरा, टौरिया, कछौरा, लिधौरा नजदीक टौरी एवं गौना करौला क्षेत्र में देखी जा रही है। यहां रेत से भरे ओवरलोड वाहन निकलने के कारण इन गांव की सड़कें बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे आवाजाही करने में लोगों को खासी दिक्कतें हो रही हैं।



ग्रामीण इलाके तक आसानी से पहुंचने वाली लंबी सड़कें अब लोगों की रफ्तार रोक रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे व कटाव हो गये है। लिधौरा नजदीक टौरी के पूर्व सरपंच जगदीश अहिरवार ने बताया कि गांव से मुख्य सड़क तक जुड़ने वाली सड़क गुणवत्ता के मानक हैं। जिस आधार पर ठेकेदार द्वारा सड़क तैयार की जाती है। साथ ही ठेकेदार की पांच साल की गारंटी होती है। गारंटी अवधि में ठेकेदार से सड़क की लागत में से दस प्रतिशत राशि जमा कराई जाती है। यदि कोई ठेकेदार पांच साल सड़क का मेंटीनेंश नहीं करता है तो उसकी राशि जब्त होती है। जबकि पलेरा क्षेत्र की ग्रामीण सड़कों का ठेकेदारों के द्वारा कोई भी मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है। यही कारण हैं कि सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। लेकिन उनका सुधार नहीं हो रहा है।

### मेंटेनेंस के नाम पर ठेकेदारों के द्वारा लाखों का गोलमाल

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पलेरा विकासखंड में नगर से ग्राम पंचायत सैपुरा तक बनाई गई 3.20 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत और रखरखाव में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। बताया जाता है कि लगभग 67.75 लाख रुपये की लागत से इस सड़क को संस्कार इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी छतरपुर के द्वारा बनाया गया था। जिसमें ठेकेदार की गारंटी अवधि 6 जुलाई वर्ष 2023 तक थी। मेंटेनेंस अनुबंध में रखरखाव के नाम पर 7.60 लाख का ठेका वर्ष 2024 से 2029 तक छतरपुर जिले की संस्कार इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के ठेकेदार को दिया गया है। लेकिन ठेकेदार के द्वारा दो वर्षों में अब तक यहां सड़क किनारे लगे बोर्ड की रंगाई-पुताई ही नहीं की गई है। जबकि सड़क की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और कई स्थानों पर तो बाइक से गुजरना भी खतरनाक साबित हो रहा है। जबकि अनुबंध शर्तों के तहत ठेकेदार को हर वर्ष सड़क पर गड्ढे भरने, शोल्डर सुधार, पुल-पुलियों की मरम्मत, रोड फर्नीचर की मरम्मत, झाड़ियां काटने और नालियों की सफाई जैसे कार्य करना अनिवार्य था। लेकिन ग्रामीण लोगों का कहना है कि आज तक ठेकेदार ने यहां का जायजा ही नहीं लिया है। इसके अलावा मेंटेनेंस के नाम पर कोई कार्य नहीं कराया गया। यह स्थिति महज एक सैपुरा गांव की नहीं बल्कि पलेरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले तमाम ग्रामों में प्रधानमंत्री सड़कों का बना हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते ऐसे ठेकेदारों के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, ताकि कागजों में मेंटेनेंस कार्य पूरा दिखाया जा सके। वहीं इस मामले में कलेक्टर विवेक क्षोत्रिय का कहना है कि, पलेरा क्षेत्र में आगर प्रधानमंत्री सड़क योजना में कोई अनियमितता की जा रही है तो विभागीय अधिकारी को निर्देशित कर जांच कराई जाएगी और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई भी कराई जाएगी।

नपा उपाध्यक्ष के प्रयास से पार्क निर्माण कार्य पूर्ण

# मुस्कुराइये क्योंकि आप हैं वार्ड 9 हरि की छाया में



**पलेरा।** मेरे सपनों की उड़ान आसमां तक है, मुझे बनानी अपनी पहचान आसमां तक है। मैं कैसे हार मान लूं और थक कर बैठ जाऊं, मेरे हौसलों की बुलंदी आसमां तक है। इस कहावत की पंक्तियों को पलेरा नगर परिषद के उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू ने अपने अथक परिश्रम और सतत प्रयासों से वार्ड क्रमांक 9 में चरितार्थ कर दिखाया है। वार्ड वासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए लगातार अपनी मेहनत व लगन से उपाध्यक्ष संदीप तिवारी ने साबित कर दिया कि इरादा पक्का हो और लोगों का प्रेम स्नेह साथ हो, तो फिर हर कठिन राह भी आसान हो जाती है। दरअसल नगर के वार्ड क्रमांक 9 में पुराना थाना की जमीन पड़ी हुई है। जिसको देखकर नपा उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ़ रानू के मन में एक कलात्मक योजना ने जन्म लिया। इस योजना को मूर्तरूप देते हुए नपा उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ़ रानू ने पुराने थाने की जमीन को सुरक्षित करते हुए चारों ओर बाउंड्री वॉल निर्माण के साथ एक बेहतरीन पार्क का निर्माण कार्य किये जाने का प्रयास किया। जिसे नगर परिषद के द्वारा तैयार कर दिया गया है। बताया गया है कि वार्ड क्रमांक 9 में तैयार किए गए इस कार्य को लेकर नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप तिवारी के द्वारा सतत प्रयास किए गए थे। पार्क को हरि की छाया नाम देते हुए पार्क के बाहर लेखन कार्य करके लिखा भी गया है कि, मुस्कुराइए क्योंकि आप वार्ड क्रमांक 9 में है। इस कलात्मक पार्क को बहुत ही आकर्षक रूप में निर्मित किया गया है। जहाँ गर्मी में ठंडक का और नगरीय शोर शराबे से शांति का अहसास होता है। उक्त नवनिर्मित पार्क के प्रवेश द्वार पर ही आकर्षक बोर्ड लगाया गया है, जिस पर लिखा गया है कि, मुस्कुराइए आप वार्ड क्रमांक 9 में हैं।

साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का निरीक्षण कर कलेक्टर श्रोत्रिय ने किया किसानों का उत्साहवर्धन

# जहर के बजाय जैविक का उपयोग करने किसान आएं आगे, सरकार साथः कलेक्टर श्रोत्रिय

**टीकमगढ़।** रासायनिक व सिंथेटिक जहर से बचते हुए जैविक उत्पादों का उपयोग कर स्वस्थ रहने की मुहिम का चलाते हुए किसानो द्वारा प्रति रविवार को शहर के रेस्ट हाऊस के समीप साप्ताहिक जैविक हाट बाजार लगाया जाता है। इसी साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का आज रविवार के दिन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने निरिक्षण किया और किसानों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन व प्रशंसा की। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने मौके पर मौजूद किसानों से अपील करते होते कहा कि जैविक उत्पादों का उपयोग करने के लिये आप सभी लोग आगे आये, जिसमें हम और प्रदेश की सरकार आपके साथ है।

भारतीय किसान संघ द्वारा हर रविवार को सर्किट हाउस के बगल में अस्पताल चौराहे के पास स्वस्थ रहे टीकमगढ़ की मुहिम के अंतर्गत प्राकृतिक व जैविक हाट बाजार लगाया जाता है। जिसमें आर्गेनिक खेती करके उगाई गई सब्जियों को लाकर बेचा जाता है। जिससे लोगों को रासायनिक सब्जियों का उपयोग करने से बचाया जा सके। इसी जैविक हाट बाजार में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय आए व उन्होंने जैविक कृषकों श्याम बिहारी कुशवाहा, किशन लाल कुशवाहा, चिमन कुशवाहा, ग्यासी लाल रैकवार, परमानंद कुशवाहा, रमुआ कुशवाहा से चर्चा कर जैविक खेती से संबंधित जानकारी ली। साथ ही किसानो द्वारा किये जा रहे इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उनकी सराहना भी की। इसी दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने पूंछने पर बताया कि किसान अपने खेतो में जैविक खेती करें जिसमें सरकार अपना सहयोग भी देगी। साथ ही वर्तमान समय में लोगो के मन में जैविक व रासायनिक के बीच अंतर करने में जो भ्रम की स्थिति बनती है उसके समाधान और जनता में जैविक सब्जी को लेकर विश्वास जताने के तौर पर जैविक उत्पादों का उपयोग करने बाले किसानो को शासन प्रशासन द्वारा प्रमाणपत्र दिया जायेगा। जिससे जनता को जैविक व रासायनिक उत्पादों के बीच अंतर करने में आसानी हो जाएगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा की सभी लोग हर रविवार को लगने वाले जैविक हाट बाजार में आए व जैविक उत्पादो को जरूर खरीदे। जिससे इन किसानों का मनोबल भी बढ़ेगा साथ ही जैविक उत्पाद खरीदने बाले खरीददार का परिवार भी स्वस्थ रहेगा।



कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि रासायनिक उत्पादों का उपयोग करने की बजह से आज लोगों को कई प्रकार की बीमारियो जैसे कैंसर, ह्दय रोग, शुगर रोग, गठियावात, असमय बाल सफेद होना , बच्चों की थकान आदि समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है। जिसका मुख्य कारण रासायनिक का उपयोग करने की बजह से मिट्टी में कार्बन की कमी होना है। जबकि गौ आधारित खेती से ये सभी समस्याएं दूर होंगी। इसलिए सभी लोगो को अपने जीवन में जैविक उत्पाद का उपयोग जरूर अपनाना चाहिए। इस अवसर पर किसान संघ की ओर से शिवमोहन गिरी, राजेंद्र श्रीवास्तव, अवधेश गिरि गोस्वामी, पुष्पेंद्र तिवारी सहित उपसंचालक उद्यानिकी विभाग से रोहित आनंद मौजूद रहे।

अभिमन्यु अभियान के तहत अनगड़ा में कन्यापूजन कर किया शिक्षा के प्रति जागरूक

# नवरात्रि पर देवीस्वरूप कन्याओं का पुलिस महिला सेल ने किया सम्मान

**टीकमगढ़।** नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला पुलिस सेल ने अनूठी व सराहनीय पहल करते हुए देवी स्वरूप कन्याओं का सम्मान किया साथ ही बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। यह कन्या पूजन व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अनगड़ा क्षेत्र में किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन में महिला सेल की टीम ने नवरात्रि के पावन अवसर पर 28 सितम्बर को शहर टीकमगढ़ से लगे हुए ग्राम अनगड़ा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में देवी स्वरूप कन्याओं को बिंदी, नेलपेंट, मेहंदी एवं कंगन भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही मौके पर मौजूद लगभग 40 से 50 बच्चों को फल वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों से आत्मीय बातचीत कर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया ताकि आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस अवसर पर महिला सेल टीम ने उपस्थित महिलाओं को पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित जागरूकता अभियान अभिमन्यु से संबंधित जानकारी दी गई और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिये डायल 112 का उपयोग करने की समझाइश दी गई। उक्त कार्यक्रम में महिला सेल से प्रधान आरक्षक रानू विश्वकर्मा, महिला आरक्षक कीर्ति बुंदेला एवं मानसी तिवारी सक्रिय रूप से मौजूद रहीं।



नवरात्रि पर महिलाओं के लिए जारी की गई विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी

# मेट्रोमोनियल साइट्स व ऑनलाइन शॉपिंग से रहें सचेतः एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिला स्तर पर पुलिस द्वारा साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान अंतर्गत नवरात्रि के अवसर पर ऑनलाइन शॉपिंग, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल गतिविधियों से महिलाओं व युवतियों को सतर्क एवं जागरूक करने के लिये पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें सभी से अपेक्षा की गई है कि इसमें बताई सावधानियों का पालन करते हुए विशेषकर महिलाये व युवतियाँ साइबर अपराधों से सुरक्षित एवं जागरूक हो पाएंगी।

### साइबर अपराध से बचने के लिए बताये सतर्कता उपाय

एसपी मंडलोई ने एडवाईजरी जारी करते हुए बताया कि सतर्कता उपायों का उपयोग करते हुए साइवर अपराधों से बचा सकता है। जिसमें महिलाओ एवं युवतियो को सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी शेयर करने से बचने का प्रयास करना चाहिए। ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करते समय पूर्णतः जागरूकता बरतनी चाहिए। जिससे साइवर अपराधियों का निशाना बनने से खुद को बचाया जा सके।





### विश्वसनीय सोशल मीडिया व ई कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म का करें उपयोग

एसपी मंडलोई ने अपील करते हुए कहा कि महिलाओ व युवतियों को केवल विश्वसनीय सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करना चाहिए। साथ ही ऑनलाइन डेटिंग साइट्स से दूरी बनाने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि कई ऑनलाइन साइट्स आकर्षक रूप में अपना प्रचार कर लुभाने का प्रयास करती है और फिर इन साइट्स का उपयोग साइवर अपराधों को अंज़ाम देने के लिये किया जाता है।

### ऑनलाइन स्तर पर निजी जानकारी व डाक्यूमेंट शेयर करने से रहें सतर्क

एसपी मंडलोई ने अपनी एडवाईजरी जारी करने के दौरान कहा कि ऑनलाइन स्तर पर शॉप या अन्य माध्यमो में अपने डॉक्यूमेंट, फोटो व पर्सनल जानकारी सावधानी पूर्वक ही शेयर करें। ईमेल, सोशल मीडिया प्रोफाइल, ई-वॉलेट और नेटबैंकिंग पासवर्ड को मजबूत बनाये और समय-समय पर बदलते भी रहें। टू-स्टेप वेरिफिकेशन व टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को चालू रखें।

### खराब इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को भरोसेमंद व्यक्ति से ही कराएं रिपेयर

एसपी मंडलोई ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग का सही उपयोग करके अपनी निजी जानकारी छुपाएं और प्रोफाइल लॉक करके रखें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में खराबी आने पर भरोसेमंद व्यक्ति से ही रिपेयर कराएँ। पुराने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने से पहले उसमे मौजूद डेटा पूरी तरह वाइप कर फ़ैक्ट्री रीसेट करें। जिससे आपके मोबाइल एबं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का दुरूपयोग न किया जा सके। और आपके डेटा का उपयोग करके साइवर धोखाधड़ी न हो सके।

### मेट्रोमोनियल साइट्स व कस्टमर केयर का उपयोग करने में बरते सतर्कता

वैवाहिक धोखाधड़ी एबं ऑनलाइन फ्राड का शिकार होने से बचने के लिये उपाय बताते हुए एसपी मंडलोई ने अपील करते हुए कहा कि मेट्रोमोनियल साइट्स पर दी गई जानकारी विश्वसनीय स्त्रोतों से सत्यापित करने के बाद ही इसका उपयोग करें। ऑनलाइन शॉपिंग के लिए केवल मान्यता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट और एप्स का ही उपयोग करें। किसी भी कंपनी व संस्थान के कस्टमर केयर संपर्क के लिए उनकी आधिकारिक वेबसाइट और एप का ही उपयोग करें। गूगल या अन्य खोज इंजनों की लिंक पर भरोसा न करें। ऑनलाइन लॉटरी, कैशबैक, जॉब, लोन, बीमा, शॉपिंग ऑफर्स आदि के प्रलोभनों से सावधान रहें।

### अगर हो भी जाये साइबर फ्रॉड के शिकार तो न हो निराश

एसपी मंडलोई ने कहा कि सावधानी बरतते हुए साइबर अपराधियों का शिकार होने से बचे लेकिन अगर कोई महिला, पुरुष या युवती साइवर क्राइम का शिकार हो भी जाती है तो तत्काल 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करें। अथवा अपने नजदीकी पुलिस थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर सेल से तत्काल संपर्क करें। जहाँ पुलिस साइबर अपराधियों से आपकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहेगी।

शैक्षणिक कैलेंडर में सितंबर में कॉलेजों में चुनाव कराने का किया गया है उल्लेख

# आठ साल गुजरे, फिर भी नहीं हुए छात्र संघ चुनाव, बढ़ रहा छात्रों का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव को लेकर 2017 के बाद से अब तक शासन या फिर उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से कोई घोषणा नहीं की गई है। वहीं दूसरी तरफ हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मई माह में उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए गए शैक्षणिक कैलेंडर में सितंबर माह में छात्रसंघ गठन का जिक्र करते हुए तिथि निर्धारित की थी। जबकि सितंबर माह अब बीतने को है, लेकिन इसके बाद भी कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव को लेकर कोई हलचल नहीं दिख रही है। ऐसे में छात्र संघ चुनाव का इंतजार कर रहे छात्र नेताओं का इंतजार बढता जा रहा है। वहीं छात्र संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। छात्र संगठनों के पदाधिकारी छात्र संघ चुनाव कराए जाने को लेकर आंदोलन छेड़ने की बात कह रहे है।

दरअसल शासकीय महाविद्यालय श्योपुर सहित जिले के विजयपुर,बडौदा,ढोढर और कराहल में संचालित कॉलेजो में पढने वाले उन छात्र छात्राओं में छात्र संघ चुनाव का बडी बेसब्री से इंतजार बना हुआ है,जो पढाई के साथ राजनीति करने में भी रूचि रखते है। इंतजार हो भी क्यों नहीं,क्योंकि पिछले आठ सालों से कॉलेजों में प्रत्यक्ष या फिर अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव ही नहीं हुए हैं। विशेष बात यह है कि शैक्षणिक कैलेंडर में इस सत्र में सितंबर माह के दौरान छात्र संघ चुनाव कराए जाने का उल्लेख किया गया है,इसलिए विद्यार्थियों को इस वर्ष छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की पूरी उम्मीद दिख रही थी। लेकिन अभी तक कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव को लेकर कोई हलचल नहीं दिख रही है। छात्र संघ चुनाव न होने की वजह से विद्यार्थियों की आवाज न केवल स्थानीय स्तर पर दबकर रह जा रही है, बल्कि कई मुद्दे ऐसे हैं जिनकी आवाज सरकार तक नहीं पहुंच पा रही है।




### वर्ष 2017 में हुए थे चुनाव

कॉलेज में पहले प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव हुआ करते थे। इसी प्रणाली से राजनीति के क्षेत्र में कई चर्चित चेहरे आए हैं। धीरे-धीरे चुनाव नेताओं के प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गए और उपद्रव होने लगे। ऐसे में कॉलेज में चुनाव होने बंद हो गए। वर्ष 2017 में शिवराज सरकार ने छात्र संघ चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए थे। कॉलेज में ही मेरिट के आधार पर युवा नेताओं को चुना गया था,लेकिन इसके बाद फिर दोबारा कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव अभी तक नहीं हो पाए है।

### विद्यार्थियों से हर वर्ष ले रहे फीस

कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव के नाम पर हर सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों से वन टाइम छात्रसंघ और सदस्यता शुल्क वसूला जा रहा है। शुल्क देने के बावजूद चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। सरकार ने अभी तक ने छात्रसंघ चुनाव को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की है। बताया जा रहा है कि वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जब उच्च शिक्षा विभाग मंत्री थे तो उन्होंने चुनाव कराने की बात कही थी, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### जल्द होने चाहिए चुनाव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संघ चुनाव कराए जाने के लिए लगातार आवाज उठा रही है। लेकिन इसके बाद भी छात्र संघ चुनाव क्यों नहीं कराए जा रहे हैं। यह बात समझ से परे बनी हुई है। जल्द ही छात्र संघ चुनाव को लेकर विद्यार्थी परिषद न केवल जिला स्तर पर, बल्कि प्रांत स्तर पर आंदोलन करने की रणनीति बना रही है।

**गणेश शर्मा**
**जिला संयोजक, अभाविप, श्योपुर**

इस साल के शैक्षणिक कैलेंडर में कॉलेजो में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने का उल्लेख किया गया है। लेकिन इसके बाद भी कॉलेजो में छात्रसंघ चुनाव नहीं कराए जा रहे है। इससे सरकार की कथनी और करनी में अंतर साफ उजागर हो रहा है।

**अभिषेक मीणा कलोनी**
**अध्यक्ष एसैप छात्र संघटन श्योपुर**

सलापुरा में 108 हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठों का आयोजन

## मुक्त कंठ से किए हनुमान चालीसा पाठ, भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शहर के नजदीक स्थित सलापुरा के पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार की रात को नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में 108 हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। श्री भागवत परमार्थ समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम को विधिवत पूजा अर्चना के साथ आरंभ करने वाले आचार्य पं राधारमन शास्त्री कुहांजापुर वालों ने कहा कि श्री हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से व्यक्ति के हर विकार, राग, द्वेष, पीड़ा आदि, व्यादि का समूल नाश होता है। घर-परिवार में सुख-समृद्धि के साथ आरोग्य का वास होता है। यदि किसी कारण मन अशांत है तो हनुमान चालीसा के पाठ से मन को शांति मिल सकती है। हर तरह के भय का नाश भी इसके पाठ से होता है।

बच्चों को इसके नियमित पाठ से अज्ञानता का समूल नाश होता है। बडी संख्या में धर्मप्रेमी लोगों ने इस कार्यक्रम में शामिल होकर हनुमान चालीसा पाठ किया। मुक्त कंठ से किए गए हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का समापन विधिवत हनुमान जी महाराज की आरती और प्रसाद वितरण के साथ किया। इस अवसर पर प्रधुग्न शर्मा, पं चंद्रप्रकाश शास्त्री, धर्मेन्द्र गौतम ढोढर, बृजेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, धर्मेंद्र वैष्णव, अजय शर्मा, सुरेश जाट, देवकीनंदन झाड़ोलिया, विक्रांत गुर्जर, गोविंद गोयल, महेश शर्मा सहित अन्य कई धर्मप्रेमी लोग मौजूद थे।

## अभाविप की सोंई नगर कार्यकारिणी घोषित,आनंद अध्यक्ष तो सुमित बने मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रविवार को सोंईकलां कस्बे में छात्र समागम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए अभाविप के जिला संयोजक गणेश शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद किसी नेता को नहीं अपितु महापुरुषों को अपना आदर्श मानती है, अपने स्थापना काल से ही हम विद्यार्थियों के हित की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं।

छात्र समस्याओं के लिए एबीवीपी के कार्यकर्ता प्रथम पंक्ति में रहकर समाधान की बात करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक वैष्णव के द्वारा सोंईकलां नगर की कार्यकारिणी की घोषण की गई। जिसमें आनंद मीणा को अध्यक्ष, सुमित गौड को नगर मंत्री बनाया गया। जबकि नगर उपाध्यक्ष माया मीणा, सागर प्रीत, अभिषेक आर्य, विशाल मीणा, नगर सहमंत्री रामा, रेशमा, विष्णु राठौर, चंचल मीणा, रवि राठौर, एसएफडी प्रमुख कानू सैन , एसएफएस प्रमुख बलराम मीणा सोशल मीडिया प्रमुख नवीन सुमन खेल प्रमुख राजन मीणा छात्रा प्रमुख कमल बेरवा सदस्य गौरव, गिरवर, वीरेंद्र, देवेंद्र, विद्यालय अध्यक्ष जतिन मीणा, मंत्री सुदामा मीणा तथा सदस्य अमन मीणा, विक्रम सुमन, हनुमान मीणा को मनोनित किया गया।

विश्व रेबीज दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## अगर समय पर इलाज न मिले तो जानलेवा भी हो सकता है रेबीज:सिकरवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल श्योपुर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता, टीकाकरण एवं स्वास्थ्य शिक्षा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये गए। रेबीज बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इसके रोकथाम के उपाय बताने के लिए समर्पित है।

सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि विश्व रेबीज दिवस वर्ष 2025 की थीम है एक्ट नॉव यू मी कम्युनिटी जिसका संदेश है कि रेबीज की रोकथाम व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिन का उद्देश्य रेबीज के खतरों, लक्षणों, इलाज, और खासकर पालतू जानवरों के टीकाकरण के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करना है। उन्होने जानकारी दी कि रेबीज एक घातक रोग है जो संक्रमित जानवरों की लार के माध्यम से फैलता है, और अगर समय पर इलाज न हो तो यह जानलेवा हो सकता है। विश्व में रेबीज से हर साल हजारों लोगों की मृत्यु होती है, लेकिन यह बीमारी पूरी तरह से रोकी जा सकती है। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनता को रेबीज रोग के प्रति जागरूक किया गया और इससे बचाव के उपाय बताए गए। लोगों को बताया गया कि कैसे कुत्ते या अन्य जानवरों के काटने से होने वाले इस जानलेवा रोग से बचा जा सकता है तथा समय पर टीकाकरण का महत्व समझाया गया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा समुदाय को रेबीज की लक्षण, प्राथमिक उपचार और उपचार के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी दी गई, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सेना, प्रभारी जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट योगेश यादव, डीसीएम अमित श्रीवास, अस्पताल प्रबंधक संजय निगोटिया, प्रभारी डीएएम रवीन्द्र त्यागी आदि उपस्थित रहें।

## मुख्य वन संरक्षक ने स्कूली बच्चों के साथ किया पौधा रोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के दौरे पर आए मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ढेंगदा आवासीय विद्यालय के छात्रों के साथ पौध रोपण किया। इस दौरान फोरेस्ट अमला भी मौजूद रहा। मुख्य वन संरक्षक ग्वालियर ने पौध रोपण करते हुए विद्यार्थियों को पौध रोपण करना क्यों आवश्यक है,इस बारे में अवगत कराया और उन्हें हर साल अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिले के फोरेस्ट अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन

**राघौगढ़।** शासन निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगरीय निकाय में सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद राघोगढ़ में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की शाखा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के मार्गदर्शन में 'स्वनिधि दिवस' का आयोजन किया गया जिसमें नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत पथ विक्रेता व सहायता समूह के सदस्यों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ प्रदान किया गया तथा वित्तीय/ डिजिटल साक्षरता हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा की प्रभारी सिटी मिशन मैनेजर जयंती मलिक,कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदीप सैनी व सहायक हरिओम लोधा द्वारा योजना में पंजीयन कर हितग्राहियों एवं लाभार्थियों का बैंक से ऋण वितरण करवाया गया।

## एसैप छात्र संगठन ने कॉलेज में मनाई शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



एसैप छात्र संगठन ने रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई। पीजी कॉलेज श्योपुर के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण से हुई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे। सभी ने आज़ादी के नायक भगत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि आज़ादी की लड़ाई में भगत सिंह का योगदान अमूल्य था। उन्होंने अपने साहस और बलिदान से युवाओं के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया।

जयंती कार्यक्रम के बाद एसैप संगठन ने संकट मोचन हनुमान मंदिर पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तिमय वातावरण में सात बार हनुमान चालीसा पाठ किया गया और सामूहिक रामधुन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एसैप छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष अभिषेक मीणा कलोनी सहित सोनू मीणा, सुभाष राठौड़, अभिषेक मीणा, सुनील मीणा, मोहित मीणा, कमल बैरवा, रामजन्म मीणा, सुमेर मीणा आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्योपुर को जिला पंचायत सीईओ के रूप में पहली बार मिली लेडी अफसर

# अब आईएएस सौभ्या आनंद संभालेंगी श्योपुर के जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी

**एक साथ तीन आईएएस अफसरों की तैनाती से श्योपुर में बढ़ेगी प्रशासनिक कामकाज की चाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

करीब पौने दो महीने से प्रभारी के भरोसे चल रहे श्योपुर के जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी अब आईएएस सौभ्या आनंद संभालेंगी। शनिवार की देर शाम को भोपाल से जारी किए आदेश में सौभ्या आनंद को श्योपुर जिला पंचायत सीईओ के रूप में नई पदस्थापना दी है। वर्तमान में आईएएस सौभ्या आनंद शहडोल जिले में सहायक कलेक्टर के रूप में पदस्थ है। जहां से उन्हें श्योपुर में जिला पंचायत सीईओ बनाकर भेजा गया है। यह श्योपुर जिले के इतिहास में पहला अवसर है,जब कोई लेडी आईएएस अफसर की श्योपुर जिला पंचायत सीईओ के रूप में पदस्थापना हुई है।

उम्मीद जताई जा रही है कि श्योपुर की नवागत जिला पंचायत सीईओ आईएएस सौभ्या आनंद जल्द ही श्योपुर पहुंचकर अपना पदभार संभालेगी। बता दें कि श्योपुर के जिला पंचायत सीईओ अतेन्द्र सिंह गुर्जर के 7 अगस्त को तबादला आदेश के पालन में रिलीव हो जाने के बाद से श्योपुर जिला पंचायत सीईओ पद रिक्त बना हुआ है। अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय संभाल रहे है। लेकिन अब शासन स्तर से श्योपुर जिला पंचायत सीईओ के पद पर आईएएस सौभ्या आनंद की पदस्थापना कर दी है। आईएएस सौभ्या आनंद के श्योपुर में अपनी आमद दर्ज कराने के बाद श्योपुर जिले में एक साथ तीन आईएएस अफसरों की तैनाती हो जाएगी। इसको लेकर जिले के लोगो को उम्मीद बंध गई कि एक साथ तीन आईएएस अफसरों के जिले में काम करने से यहां के प्रशासनिक कामकाज की चाल में तेजी आना तय है। पंचायत स्तर के जो अधिकारी ढीलपोल भरे अंदाज में प्रशासनिक काम को अंजाम दे रहे है,वे अधिकारी अब सक्रिय होकर काम करने लग जाएंगे। जो अधिकारी ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होने की बात भी प्रशासनिक गलियारों में अभी से सुनाई देने लगी है।




### वर्ष 2021 बैंच की आईएएस अफसर हैं सौभ्या आनंद



श्योपुर की जिला पंचायत सीईओ बनाई गई सौभ्या आनंद वर्ष 2021 बैच की आईएएस अफसर है। वैसे तो सौभ्या आनंद मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली है। लेकिन आईएएस अफसर बनने के बाद उन्हें तमिलनाडू कैडर मिला था। लेकिन आईएएस अधिकारी संघ प्रिय से शादी होने के चलते उनका कैडर बदलकर मध्यप्रदेश कैडर किया गया है। क्योंकि आईएएस अफसर संघ प्रिय वर्ष 2018 बैंच के मप्र कैडर के अधिकारी है।

### कलेक्टर और एसडीएम के रूप में दो आईएएस अफसर पहले से पदस्थ हैं श्योपुर जिले में





आईएएस सौभ्या आनंद के श्योपुर जिला पंचायत सीईओ का पदभार संभालने के बाद श्योपुर जिले में पदस्थ आईएएस अफसरों की संख्या तीन हो जाएगी। क्योंकि अभी श्योपुर जिले में आईएएस अफसर के रूप में कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा पदस्थ बने हुए है। इनके कामकाज के तरीके से जिले के लोग संतुष्ट नजर भी आ रहे है। यह आईएएस अर्पित वर्मा के कामकाज से संतुष्ट होने का ही परिणाम है कि जिले के लोग बडी संख्या में अपनी समस्याओं के निदान की उम्मीद लेकर जनसुनवाई में पहुंच रहे हैं।

## महिला को सर्प ने डसा, परिजन अस्पताल के बजाए ले गए झाडफूंक कराने, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव सुनवई में एक महिला को उस समय सर्प ने डस लिया, जब महिला घर का काम कर रही थी। विशेष बात यह है कि परिजनों को जब इसका पता चला तो वे महिला को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाए उसकी झाडफूंक कराने लग गए। जब झाडफूंक कराने से आराम नहीं मिला, तब विजयपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम सुनवई निवासी कविता 26 वर्ष पत्नी रामगोपाल रावत शनिवार की सुबह 9 बजे के आसपास जब घर के अंदर काम कर रही थी,तभी उसे सर्प ने डस लिया। इस बारे में उसने परिजनो को बताया तो परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाए जानकारो के पास ले गए,जहां उसकी झाडफूंक कराई गई। काफी देर तक झाडफूंक कराने के बाद जब कोई आराम नहीं मिला,तब परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे,लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

तीन दिवसीय आजीविका उत्पाद मेले का शुभारंभ

## स्वसहायता समूह की महिलाओं ने दी उत्पादों की जानकारी



**श्योपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत पुरानी कलेक्टेट में आयोजित तीन दिवसीय आजीविका उत्पाद मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रूपेश उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा, भाजपा जिला महामंत्री संजय अकोदिया, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल आदि उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी ने शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में स्वसहायता समूहों के माध्यम से बडी संख्या में महिलाएं रोजगार से जुडी है तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर बेहतर आजीविका प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि सिलाई कार्य से लेकर, साबुन, सर्फ आदि घरेलू उपयोग की सामग्री का उत्पादन एवं निर्माण एसएचजी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण,जिला पंचायत सीईओ रूपेश उपाध्याय सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा समूहो के स्टॉलो से गृह उपयोगी सामग्री का क्रय भी किया गया। तीन दिवसीय आजीविका उत्पाद मेले में साबुन, सर्फ, सेनेट्री नेपकिन, अगरबत्ती, हल्दी मसाला, सजावटी वस्तुएं, फिनाइल, हार्पिक उत्पादों के स्टॉल विक्रय के लिए लगाए गए।

खबर संक्षेप

## दिनारा के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**शिवपुरी।** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एमबी ओझा द्वारा आदर्श मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्या. आवास दिनारा के संचालक मण्डल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु उप अंकेक्षक चमन सिंह को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी कार्यक्रम के तहत महिला पदों के विनिश्चय हेतु संचालक मण्डल की बैठक हेतु सूचना जारी किये जाने की तिथि 25 अगस्त, महिला पदों के विनिश्चय हेतु संचालक मण्डल की बैठक एवं आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किए जाने की तिथि 3 अक्टूबर, नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तिथि 10 अक्टूबर, नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन की तिथि 11 अक्टूबर, नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन की तिथि 12 अक्टूबर, विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तिथि 17 अक्टूबर, रिक्त स्थानों एवं वृत्तिक संचालकों के सहयोजन की तिथि 18 अक्टूबर, रिक्त स्थानों के नामांकन की तिथि 22 अक्टूबर, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किए जाने की तिथि 23 अक्टूबर तथा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## कदवाया में रोग निदान व चिकित्सा शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उपेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) कदवाया में दशवे आयुर्वेद दिवस के क्रम में एवं सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रोग निदान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे चिकित्सकों द्वारा रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण कराया गया। तत्पश्चात ऋतुचर्या का पालन करने संबंधी पंपलेट का वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया तथा मौशमी बीमारियों से बचने की जानकारी दी गईं। साथ ही लोगों को योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास भी कराया गया।

# जय मां बडैरा वाली, तीन जिलों के संगम पर बसी अनोखी ग्राम पंचायत ढांड का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दिनारा

दिनारा क्षेत्र के अंतर्गत ढांड बडैरा वाली के पावन जयघोषों के बीच ग्राम पंचायत ढांड में मां बडैरा वाली पंचायत का शुभारंभ हो गया। यह पंचायत अपनी भौगोलिक स्थिति और धार्मिक महत्व के कारण पूरे क्षेत्र में आकर्षण और चर्चा का केंद्र बन गई है। ग्रामीणों में इस अवसर पर अपार उत्साह और आस्था का वातावरण देखने को मिला।

### तीन जिलों की सीमाओं के बीच बसेगी नई पहचान

ग्राम पंचायत मां बडैरा वाली अपनी अनोखी भौगोलिक स्थिति के कारण विशिष्ट है। यह पंचायत एक साथ तीन जिलों की सीमाओं के मध्य स्थित है—

(1) शिवपुरी जिला, (2) दतिया जिला, (3) झांसी जिला (उत्तर प्रदेश)। इस विशेषता के कारण पंचायत को न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टि से भी नया आयाम मिलने जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पंचायत भविष्य में तीनों जिलों के लिए विकास का संगम बनेगी।

### आस्था और भक्ति के साथ हुई शुरुआत

शुभारंभ अवसर पर ग्रामीणों ने मां बडैरा वाली के दरबार में हवन-पूजन कर ग्राम पंचायत की सफलता की मंगलकामना की। जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं और पुरुषों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि से माहौल को भक्तिमय बना दिया।




ग्राम पंचायत ढांड के सरपंच मेहरबान सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ग्राम पंचायत मां बडैरा वाली का शुभारंभ हम सभी ग्रामीणों के लिए गौरव का क्षण है। यह पंचायत तीन जिलों के बीच एकता, विकास और समन्वय का प्रतीक बनेगी। हमारी प्राथमिकता होगी कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और स्वच्छता जैसी सुविधाओं का विस्तार यहां तेजी से किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मां बडैरा वाली की कृपा से यह क्षेत्र आने वाले समय में न केवल धार्मिक पर्यटन का केंद्र बनेगा बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी प्रगति का मार्ग खोलेगा।

### धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से विशेष

मां बडैरा वाली स्थान लंबे समय से श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र रहा है। लोग दूर-दूर से यहां आकर मां का आशीर्वाद लेते हैं। अब पंचायत की स्थापना के बाद यहां धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि तीन जिलों की सीमा पर होने के कारण यह स्थान एक प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में उभरेगा और रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा।

### विकास का नया अध्याय

ग्राम पंचायत ढांड में मां बडैरा वाली पंचायत का गठन विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत की स्थापना से अब बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की गति और तेज होगी। प्रशासनिक दृष्टिकोण से भी योजनाओं का क्रियान्वयन सुगमता से हो सकेगा।

### गांव के बुजुर्गों ने कहा

मां बडैरा वाली की कृपा से यह पंचायत तीनों जिलों के लिए आशीर्वाद साबित होगी। युवाओं ने इसे भविष्य के लिए सुनहरा अवसर बताया और महिलाओं ने इसे अपनी धार्मिक आस्था से जोड़कर भावनात्मक रूप से अपनाया।

ग्राम पंचायत ढांड में मां बडैरा वाली पंचायत का शुभारंभ न केवल एक प्रशासनिक पहल है बल्कि यह ग्रामीणों की आस्था, परंपरा और विकास की नई दिशा का प्रतीक भी है। तीन जिलों के संगम पर बसी यह पंचायत आने वाले समय में क्षेत्र को सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक रूप से नई पहचान दिलाएगी।

गांधी वार्ड में धूमधाम से निकाली गई चुनरी यात्रा

## मां महाकाली को अर्पित की 108 फीट लंबी चुनरी

**बीना।** गांधी वार्ड स्थित होटल लविंजा के सामने जय मां महाकाली युवा सेवा समिति के द्वारा 15 फीट ऊंची मां महाकाली की प्रतिमा विराजमान की गई है। शनिवार को समिति के द्वारा मां महाकाली को चुनरी भेंट की गई उससे पहले चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। मां के भक्तों ने कांधों पर उठाकर 108 फीट लंबी चुनरी की शोभायात्रा निकाली गई। बाद में मां महाकाली को यह चुनरी अर्पित की गई। शोभायात्रा के दौरान भक्त बड़े ही भक्ति भाव के साथ मां के जयकारे, मंगल गीत गाते हुए चल रहे थे। गौरतलब है कि मां महाकाली का प्रतिदिन हवन पूजन के साथ आठो पहर आराधना की जा रही है। मां की 2 शयन आरती के साथ चार आरती की जा रही है। मां के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। माता जी का चल समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ 3 अक्टूबर ग्यारस को निकाला जाएगा।

रक्तदान शिविर का भी किया आयोजन

## स्वास्थ्य शिविर में 600 से अधिक मरीजों का परीक्षण




**शिवपुरी।** महिलाओं के स्वास्थ्य संवर्धन और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में रविवार को करैरा नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाना और सभी वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाना रहा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय ऋषीश्वर के मार्गदर्शन और सीबीएमओ डॉ. रोहित भदकारिया के नेतृत्व में जिले से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न रोगों की जाँच व उपचार सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में मेडिसिन के 138, अस्थिरोग के 40, स्त्रीरोग के 84, नाक-कान-गला के 16, दंत रोग के 54, एक्स-रे के 56, शिशु रोग के 66 और एन.सी.डी. के 138 मरीजों सहित कुल 602 रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। इसी के साथ टी.बी. मरीजों को फूड वास्केट और आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। शिविर के साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें रणवीर सिंह रावत प्रदेश महामंत्री, आयुष्मान मित्र राहुल दीक्षित, जितेन्द्र योग, श्याम सुंदर मसराम, दानिश खान, अंकित खटीक, विमल साहु, संदीप रावत, आशीष अग्रवाल एवं नरेन्द्र रावत ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई, जहाँ करैरा विधायक रमेश खटीक ने ह्रस्वस्थ नारी सशक्त परिवार ही जीवन का आधार हैह्व विषय पर विचार साझा किए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हेमंत शर्मा, रामस्वरूप रावत, पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव, पवन निगौती, नफीस खाँन, चंदू सक्सेना सहित नगर के गणमान्यजन एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मरीजों एवं छात्र-छात्राओं को फल वितरण के साथ किया गया। इस आयोजन में यथार्थ सुपर स्पेशलिटी टीम का विशेष सहयोग रहा, जिसने शिविर को और प्रभावी बनाने में योगदान दिया।

आदिनाथ भगवान का हुआ स्वर्ण कलशों से महामस्तिकाभिषेक

# खुरई रोड स्थित श्रुतधाम में हुआ क्षमा वाणी पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

खुरई रोड स्थित श्रुततीर्थ श्रुतधाम में देवाधिदेव आदिनाथ भगवान के महामस्तिकाभिषेक एवं सकल दिगंबर जैन समाज की क्षमा वाणी पर्व का आयोजन किया गया। रविवार सुबह श्रुततीर्थ श्रुतधाम के बड़े बाबा देवाधिदेव 1008 आदिनाथ भगवान के महामस्तिकाभिषेक, शांतिधारा एवं विधान बाल ब्रह्मचारी संदीप सरल भैया के मंगल सानिध्य में समपन हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित समस्त समाज जनों ने एक दूसरे से क्षमा मांगते हुए क्षमा वाणी कार्यक्रम मनाया। इसके साथ ही खुरई से आईं विद्या वीणा समूह की सदस्याओं ने दसलक्षण पर्व के अवसर पर जिन श्रावक-श्राविकाओं ने उपवास के माध्यम से तपस्या की उन सभी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।



संदीप भैया ने सभी को साहित्य भेंट किए। साथ ही संदीप भैया ने क्षमा वाणी पर्व की महत्ता पर संक्षिप्त उदबोधन दिया। कार्यक्रम के अंत में संस्था महामंत्री प्रो. डॉक्टर अरुण प्रकाश बुखारिया ने श्रुतधाम की गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमित कुमार जैन, प्रेरणा जैन, अनुज जैन, अतिशय जैन, तीर्थ जैन, श्रेया जैन, श्रेयम जैन, वीरेंद्र कुमार सर्राफ, मीना सर्राफ, रुमिष सर्राफ, मयंक, वीर बीना, संजय कुमार समैया, सुमन समैया, पूर्वी, पूज्या समैया खुरई, प्रेमचंद जैन, पवन जैन, सोमप्रभा जैन, प्रियांश जैन, प्रमुदित जैन विदिशा, श्री विद्या वीणा समूह खुरई, प्रमोद सर्राफ मंजू सर्राफ, प्रतीक सर्राफ, कृतिका बीना, मुकेश सर्राफ, पूर्णिमा सर्राफ बीना, सोनू जैन आदि उपस्थित रहे।

अथक पथ संग्रहालय में मनाई गई सरदार भगत सिंह की जयंती

# भगत सिंह आज भी बहुत लोकप्रिय हैं : रचना शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मातृभूमि सेवा संस्था के तत्वाधान में अथक पथ संग्रहालय में शहीद ए आज़म सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय चिंतक रचना शर्मा, समाजसेवी ज्योति तिवारी, प्रोफेसर नरेंद्र झा एवं मातृभूमि सेवा संस्था के मार्गदर्शक अथक पथ संग्रहालय के संचालक राम शर्मा ने सरदार भगत सिंह के चित्र एवं भारत माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही सरदार भगत सिंह से जुड़े बहुमूल्य दुर्लभ दस्तावेजों का उपस्थित लोगों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में रितिका तिवारी ने भगत सिंह का प्रिय गीत मेरा रंग दे बसंती चोला सुनाते हुए सभी को भाव विभोर कर दिया।

गायक लता मंगेशकर की जयंती पर हिमांशु नामदेव ने उन्हें स्मरण करते हुए ए मेरे वतन के लोगों गीत सुना कर उनकी यादें ताजा की। इसके अलावा राम शर्मा ने सरदार भगत सिंह के जीवन चरित्र पर अनेकों संस्मरण सुनाए। नरेंद्र झा, अभिनव तिवारी ज्योति तिवारी, सुषमा तिवारी ने भी भगत सिंह पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राष्ट्रीय चिंतक रचना शर्मा ने बताया 94 वर्ष व्यतीत हो जाने के बावजूद आज भी युवाओं में भगत सिंह जीवित हैं। भगत सिंह उस समय भी बहुत लोकप्रिय थे और आज भी बहुत लोकप्रिय हैं। भगत सिंह ने युवाओं में जोश भरने का महत्वपूर्ण काम किया। हम सबका भी दायित्व है कि हम किसी भी रूप में सही आज की बाल युवा पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन चरित्र से अवश्य अवगत कराए और उन्हें बताएं कि हमें आजादी सहज में नहीं मिली उसके लिए अनेकों क्रांतिकारियों ने बलिदान दिया है। तब कहीं बड़ी कठिनाई से हमें आजादी मिली है।

भोपाल जोन की निदेशिका की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

# आध्यात्मिक शक्ति की अनंत ऊर्जामय विरासत थीं दीदी : जानकी दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के ज्ञान शिखर सेवाकेंद्र पर जोनल निदेशिका राजयोगिनी अवधेश दीदी की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके जानकी दीदी ने कहा कि दीदी ने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि सच्ची सेवा वह है जो आत्मा को ईश्वर से जोड़ दे और जीवन में दिव्यता भर दे। दीदी के मधुर वचनों, स्नेहमयी दृष्टि और करुणामय नेतृत्व ने अनगिनत आत्माओं को आध्यात्मिक मार्ग पर प्रेरित किया। उनका हर कदम ईश्वरीय आदेश का पालन था, हर शब्द में करुणा और हर कर्म में ईश्वरप्रेम झलकता था। दीदी का जीवन सेवा ही साधना का सजीव उदाहरण रहा। उन्होंने निस्वार्थ भाव से परमात्म कार्य में तन, मन और धन समर्पित किया। उनकी सहजता और मधुर मुस्कान सदा प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दीदी भले ही देह से दूर हुईं, पर उनकी शिक्षाएं, संस्कार और सेवा हमेशा प्रेरणा बनकर जीवित रहेंगी। 300 से अधिक सेवाकेंद्र खोले- बीके जानकी दीदी ने कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन, प्रेरणा, सेवा के प्रति लगन और उमंग-उत्साह का परिणाम है कि आज जोन में 500 से अधिक ब्रह्माकुमारी बहनें समर्पित रूप से ईश्वरीय सेवा में तन-मन-धन से जुटी हैं। 300 से अधिक सेवाकेंद्र आपके कुशल मार्गदर्शन में संचालित हैं। एक लाख से अधिक भाई-बहनें संयम के पथ पर चलते हुए जीवन के आध्यात्मिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जीजान से जुटे हैं। इस दौरान सभी भाई-बहनों ने पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें याद किया।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन सड़कों को समय से पहले ठीक किए जाने के निर्देश दिए

**अशोकनगर।** शासन द्वारा स्वीकृत तथा जिले में चल रहें निर्माण कार्यों में प्रगति लाई जाएं, जिससे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सकें। साथ ही वारिश के दौरान अतिवर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मार्गों एवं पुल पुलियों की मरम्मत का कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिहं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने दृअपने विभागों की कार्य योजना तैयार कर सडक मरम्मत तथा भवनों के मरम्मत का कार्य निर्धारित समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी जर्जर भवनों में स्कूल संचालित न हो और न ही खुले स्थानों पर स्कूल संचालित न हो इसकी सतत निगरानी की जाएं। उन्होंने ब्रिज कॉर्पोशन के अधिकारी को आरोन रोड पर सोबत ग्राम के समीप ब्रिज निर्माण के कार्य मे तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में नगरपालिका द्वारा सडक मरम्मत कार्य के संबंध में निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि अतिवर्षा से खराब हुई सडकों की मरम्मत का कार्य आगामी 15 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ कर दिया जाएगा। पिपरई मार्ग के शेष कार्य को समय पर पूर्ण कराए जाने के निर्देश संबधित विभाग के अधिकारी को दिए। बैठक में संबंधित निर्माण अधिकारियों को निर्देशित किया।

# एक बगिया मां के नाम के तहत हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखपाडा अभियान का संचालन जिले मे किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत ईसागढ के ग्राम पंचायत बमूरिया में एक बगिया मां के नाम पौधारोपण स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में जनपद सदस्य चंदेल,सचिव शिवकुमार सिंह रघुवंशी,सरपंच व समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

विकासखण्ड समन्वयक एसवीएम सतपाल सिंह जाट ने बताया कि सेवा पखवाडा अभियान अंतर्गत श्रमदान, पौधारोपण सहित स्वच्छ्ता गतिविधियां संचालित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बमूरिया में 100 पौधों का रोपण समूह की महिलाओ द्वारा किया गया। साथ ही पौधों का संरक्षण स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जाएगा।

लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक, खरदूषण वध, सीता हरण की लीला का मंचन

# सोने का मृग बने मारीच ने जानकी को किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में चल रही है जिसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश की रामायण जी की आरती की गई इसके बाद राम जी की आरती की गई। आरती के पश्चात लीला प्रारंभ हुई। लीला में सती अनसुईया का मंचन, सीता का हरण, खरदूषण वध आदि का मंचन दिखाया गया।

लीला के प्रथम दृश्य मे रामजी चित्रकूट से आगे बढ़ते हैं रास्ते में अत्री अनसूया जी के आश्रम में पहुंचते हैं। जहां सती अनसूया द्वारा सीता जी को नारी धर्म की शिक्षा दी जाती है राम जी से सुतीक्ष्ण व अगस्त मुनि से मिलते हुए पंचवटी पहुंचते हैं पंचवटी में राम लक्ष्मण की सुंदरता को देखकर सूर्पनखा वहां आई राम लक्ष्मण से विवाह करने का प्रस्ताव रखा लक्ष्मण जी ने क्रोधित होकर उसके नाक कान काट दिए सूर्पनखा रोती हुई खरदूषण के पास पहुंची खरदूषण रामजी युद्ध करने आए वह युद्ध में मारे गए। सूर्पनखा लंकेश्वर रावण के पास पहुंची वा उसके लक्ष्मण द्वारा नाक कान काटने की। बात उसको कही फिर रावण मामा मारीच के पास पहुंचा



और मामा मारीच के साथ मिलकर सीता ने सीता का हरण कर लिया सीता हरण का बहुत ही शानदार मंचन किया गया। रास्ते में जटायु जी ने रोकने का प्रयास किया रावण ने जटायु जी के पंख काट दिए। जब राम लक्ष्मण वापस लौटे तो सीता को कुटिया में न पाकर बहुत दुखी हुए सीता को खोजते हुए भी आगे बढ़े रास्ते में उनकी भेंट जटायु से हुई।

जटायु ने रावण द्वारा सीता की हरण की बात राम जी को बतलाई और राम-राम कहते हुए अपने प्राण त्याग दिए। जटायु मरण के साथ ही लीला को विराम दिया गया लीला में बहुत ही सुंदर गीतों की प्रस्तुति उपेंद्र पाराशर व राकेश पाठक द्वारा दी गई। लीला में रामायण जी का वाचन कथा वाचक चंद्र मोहन मिश्रा द्वारा किया गया।

## सनातन प्रबंधन आयोजन समिति कर रही झांकियों की मॉनिटरिंग, स्वच्छता, प्रसाद वितरण और साज सज्जा पर के आधार पर पर समिति मिलकर लेगी निर्णय



**मुंगावली।** मुंगावली नगर में झांकी पांडालों को प्रोत्साहित करने के लिए सनातन आयोजन प्रबंधन समिति द्वारा पुरस्कार की घोषणा की गई थी जिसकी मॉनिटरिंग समिति सदस्यों के द्वारा झांकियों में पहुंचकर की जा रही है। हर पैमाने पर पांडाल खरा दिखाई दे यह देखकर ही निर्णय लिया जाएगा, कुछ समितियों ने इस स्पर्धा को देखते हुए बड़े सुधार किए यह सनातन धर्म और नगर की स्वच्छता के हिसाब से बड़ी उपलब्धि है, साज सज्जा में कई झांकियों ने दूसरे पांडालों को सीख दी तो किसी ने मां की मूरत या आगवानी में खुदको साबित किया। समिति ने प्रत्येक पांडाल से चल समारोह में साथ आने का निवेदन भी किया जो सार्थक नजर आया, लगभग झांकी समिति इस चल समारोह में शामिल होने पर इच्छुक दिखाई दी, कुछ समितियों ने कहा कि प्रशाशन अगर साथ देता है तो यह चल समारोह दुबारा ऐतिहासिक बनाया जा सकता है, कुछ समितियों ने कहा कि प्रशाशन को ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही करना चाहिए जो नो दिनों में किसी भी तरह का उपद्रव या दशहरे पर किसी तरह की बाधा डालते है।

## आज होगा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का शस्त्र पूजन कार्यक्रम

**अशोकनगर।** आज होगा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित होगा। हिन्दू धर्म में नवदुर्गा और विजया दशमी पर शस्त्र पूजन का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया जाता है। यह बात विश्व हिंदू परिषद के नेता डॉ दीपक मिश्रा ने बयान जारी कर बताई। बिना शस्त्रों के कहीं भी, कोई युद्ध नहीं जीता जा सकता है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आज रविवार को शस्त्र पूजन कार्यक्रम स्थानीय सुभाष गंज रामलीला मंच पर दोपहर 2:00 बजे से आयोजित किया गया है। इसमें सभी कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।